दिनांक 07.03.2023
प्रेस विज्ञप्ति 07/2023

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद कुशीनगर/थाना पटहेरवा

- **25 हजार रूपये का एक व 15–15 हजार रूपये के दो पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 मोबाइल फोन**
- **2400/–रूपये नगद**
- **01 कार (बिना नम्बर प्लेट)**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 06.03.2023 को थाना पटहेरवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर महुअवॉ काटा बन्द पेट्रोल पम्प के पास से 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–गुड्डू 2–गोलू उर्फ अमरजीत 3–कुन्दन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 03 मोबाइल फोन, 2400/–रूपये नगद, 01 कार (बिना नम्बर प्लेट), 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त, थाना पटहेरवा पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से अभियुक्त गुड्डू पर 25 हजार रूपये एवं अभियुक्त गोलू उर्फ अमरजीत व कुन्दन पर 15–15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त गुड्डू के विरूद्ध जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–गुड्डू निवासी छहूँ थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

2–गोलू उर्फ अमरजीत निवासी बदुरॉव टोला बन्तैल थाना चौराखास जनपद कुशीनगर।

3–कुन्दन निवासी बलडीहा थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

बरामदगी

1–03 मोबाइल फोन ।

2–2400/–रूपये नगद।

3–01 कार (बिना नम्बर प्लेट)।

4–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

जनपद सीतापुर/थाना महोली

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 07.03.2023 को थाना महोली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त विजय को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना महोली पर पंजीकृत अभियोग धारा 2/3 यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सीतापुर के थाना महोली पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना महोली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—विजय निवासी ग्राम वैदोरा थाना रेऊसा जनपद सीतापुर।

जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 14 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनॉकः 07.03.2023 को थाना पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खेडा गेट से 02 अभियुक्तों 1—उस्मान उर्फ ओसामा 2—मो0 उवेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 14 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना पिलखुवा क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों द्वारा मोबाइल लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन लूट की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—उस्मान उर्फ ओसामा निवासी मोहल्ला भंण्डा पट्टी सिकन्दर गेट थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।

2—मो0 उवेश निवासी सीलमपुर थाना सीलमपुर, दिल्ली।

बरामदगी

1—लूट के 14 मोबाइल फोन।

2—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि।

कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना लोनी बार्डर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **105 पेटी अवैध शराब**
- **घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 06.03.2023 को थाना लोनी बार्डर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेवाधाम पाईप लाइन रोड़ पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त शिवकुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 105 पेटी अवैध शराब, घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना लोनी बार्डर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–शिवकुमार निवासी सैदमपुर थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर हालपता–सुशील गार्डन शुक्र बाजार रोड सबौली थाना हर्ष विहार, नई दिल्ली।

बरामदगी

1–105 पेटी अवैध शराब।

2–घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन।

––––––